लाला लाजपत राय की जयंती

स्रोत: पी.आई.बी.

प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी **लाला लाजपत राय** को उनकी 160 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

लाला लाजपत राय

- **परिचय:** उनका जन्म **28 जनवरी 1865 को पंजाब के फिरोज़पुर** ज़िले में हुआ था।
  - **पंजाब केसरी के** नाम से प्रसिद्ध , वे एक प्रेरक **नेता एवं समाज सुधारक** थे।
- **स्वतंत्रता योगदान:** वह **भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC)** के एक प्रमुख नेता थे, उन्होंने **बंगाल विभाजन (1905)** का विरोध किया और **असहयोग आंदोलन (1920)** का समर्थन किया।
- उन्होंने वर्ष 1916 में **बाल गंगाधर तिलक** और **एनी बेसेंट** द्वारा शुरू किये गए **भारत के होमरूल आंदोलन** का समर्थन करने के लिये **होम रूल लीग ऑफ अमेरिका (1917)** की स्थापना की और **रॉलेट एक्ट** तथा **जलियाँवाला बाग हत्याकांड** का विरोध किया।
- उन्होंने साइमन कमीशन के विरोध में हुए आंदोलन **(1928)** का नेतृत्व किया , जहाँ **लाठीचार्ज में लगी चोटों के कारण उनकी मृत्यु** हो गई।

और पढ़ें: लाला लाजपत राय

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/birth-anniversary-of-lala-lajpat-rai